भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
26.07.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 929 का उत्तर

वंदे भारत हेतु नये मार्ग

929. डॉ. सुजय विखे पाटील:
प्रो. रीता बहुगुणा जोशी:
श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:
डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:
श्री कृष्णपालसिंह यादव:
डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने विशेषकर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में वंदे भारत के लिए नए मार्गों का खाका बनाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या प्रमुख महानगरीय कनेक्टिविटी को कवर करने के लिए वंदे भारत ट्रेनों की कुल संख्या में व्यापक वृद्धि की जाएगी और यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय ने वंदे भारत एक्सप्रेस के आगमन के साथ प्लेटफार्मों को बेहतर और आधुनिक सुविधा से लैस करने के लिए भारत में प्रमुख रेलवे स्टेशनों के पुनर्निर्माण की परिकल्पना की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या मंत्रालय स्लीपर कोच वाली वंदे भारत ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल वंदे भारत एक्सप्रेस की सेवाओं सहित गाड़ी सेवाओं का परिचालन राज्य-वार आधार पर नहीं करती है क्योंकि रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आरपार फैला हुआ होता है। वर्तमान में परिचालित 50 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाओं में से 8 गाड़ी, 6 गाड़ी

s.k

और 10 गाड़ी क्रमशः उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में स्थित विभिन्न स्टेशनों पर सेवा प्रदान करती हैं। इसके अतिरिक्त, वंदे भारत सेवाओं सहित नई गाड़ियां चलाना भारतीय रेलों पर एक सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात औचित्य आदि पर निर्भर करती है। हाल ही में, भारतीय रेल पर रेलवे स्टेशनों के विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत, प्लेटफार्मों को बेहतर और आधुनिक सुविधाओं जैसे उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म की व्यवस्था, प्लेटफॉर्म का विस्तार, प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार और प्लेटफार्मों पर कवर आदि के साथ आवश्यकताओं के अनुसार सुसज्जित किया जाना है।

****

s.k